scale; and (iii) enhancement of the retirement age of educational administrators from 58 years to 60 years.

The proposals have been considered and Government is of the view that:—

(i) Instead of giving fixed medical allowance, irrespective of actual need, a medical insurance would be more appropriate;

(ii) The concept of a running pay scale to the teachers has not been accepted by the Government. Based on the recommendations of the Fourth Central Pay Commission and those of Chattopadhayya Commission, the teachers have been given w.e.f. 1.1.86 improved three-tier pay scales plus teaching allowance. At this stage when the Fifth Central Pay Commission is examining revision of all pay scales and service conditions, revision in pay scales or change in

उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति

4962. चौधरी हरमोहन सिंह :
श्री आस मोहम्मद :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उर्दू को प्रोत्साहन न दिए जाने की वजह से उर्दू शिक्षकों को नियुक्त नहीं किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार में की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान नियुक्त किए गए उर्दू शिक्षकों की राज्यवार संख्या क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में (शिक्षा विभाग तथा संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शलजा) : (क) से (ग) उर्दू के संवधन के लिए उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति और उर्दू सीखने के वास्ते छात्राओं को प्रोत्साहनों के लिए केन्द्रीय प्रायोजित योजनागत स्कीम सरकार के विचाराधीन है ।

मध्य प्रदेश में नवोदय विद्यालयों के लिए भवनों का निर्माण

4963. **श्रीरा रावजी : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 दिसम्बर, 1994 को स्थिति के अनुसार मध्य प्रदेश में कार्यरत नवोदय विद्यालयों की संख्या क्या है ;

(ख) इनमें से उन विद्यालयों की संख्या क्या है जिनके पास अपने भवन नहीं हैं और उन विद्यालयों की संख्या क्या है जिनके लिये भवनों को निर्मित करने के उद्देश्य से धनराशि मंजूर कर दी गई है ;

(ग) उन विद्यालयों की संख्या क्या है जिनके भवन निर्माणाधीन हैं और उन विद्यालयों की संख्या क्या है जिनके भवनों का निर्माण कार्य 31 दिसंबर, 1994 तक शुरु नहीं किया गया था और निर्माण कार्य शुरु नहीं किये जाने के क्या कारण हैं ; और

(घ) उपभोक्त भाग (ग) में उल्लिखित प्रत्येक विद्यालय के भवनों का निर्माण कार्य कब तक पूरा कर लिया जाएगा ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग एवं संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) मध्य प्रदेश राज्य में 31-12-94 को 44 जवाहर नवोदय विद्यालय कार्यरत थे ।

(ख) और (ग) 21 नवोदय विद्यालय अस्थायी स्थलों पर कार्य कर रहे हैं । नवोदय विद्यालय समिति ने 43 जवाहर नवोदय विद्यालयों के संबंध में स्थायी निर्माण कार्य शुरु करने के लिए प्रशासनिक संस्वीकृति पहले ही प्रदान कर दी है, जिनमें से 40 जवाहर नवोदय विद्यालयों में निर्माण कार्य पहले ही शुरु कर दिया गया है ।